Notre dame holy cross High school

1st periodical test 2021 - 2022

subject :- Hindi.

भाग:-क

Marks:- 40

1. अपठित गद्यांश:-

यो तो मानव के इतिहास के आरंभ से ही इस कला का सूत्रपात हो गया था। लोग अपने कार्यों या विचारों के समर्थन के लिए गोष्ठियों या सभाओं का आयोजन किया करते थे। प्रचार के लिए भजन-कीर्तन मंडलियां भी बनाई जाती थी। परंतु उनका क्षेत्र अधिकतर धार्मिक, दार्शनिक या भक्ति संबंधी होता था।

वर्तमान विज्ञापन कला विशुद्ध व्यावसायिक कला है और आधुनिक व्यवसाय का एक अनिवार्य अंग है विज्ञापन के लिए कोई साधनों का उपयोग किया जाता है; जैसे हैंड बिल, रेडियो और दीवार पोस्टर, समाचार - पत्र पत्रिकाएं बड़े-बड़े साइन बोर्ड और दूरदर्शन।

जब से छपाई का प्रचार - प्रसार बढ़ा तब से इश्तिहार या हैंड बिल का विज्ञापन के लिए प्रयोग आरंभ हुआ ।कागज और मुद्रण सुविधा के सुलभ होने से विज्ञापन के इस माध्यम का उपयोग बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। मान लीजिए साड़ियों की दो समान दुकाने एक ही बाजार में है ।इनमें से ' क ‘ तो इश्तिहार(हैंड बिल) गली - मोहल्ले में बंटवाता है और ‘ख' हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है, तो परिणाम यह होगा की ' क ' का नाम लो लोगों के मुंह पर चढ़ जाएगा । वह अधिक लोकप्रिय हो जाएगा और उसके माल की बिक्री बहुत बढ़ जाएगी।

बहुत से व्यापारी बहुत बड़े-बड़े विज्ञापन छपवाकर नगर की दीवारों पर चिपकवा देते हैं । बहुत से तो दीवारों पर ही विज्ञापन लिखवा देते हैं। इससे आते-जाते लोगों की नजर उन पर पड़ती है और वह विज्ञापनकर्ता की सेवाओं या वस्तुओं से परिचित हो जाता है। फिर जब उसे आवश्यकता पड़ती है तो विज्ञापनकर्ता का नाम ही उसकी स्मृति में उभरता है ।

1.प्रश्नों के उत्तर लिखो:- (2×5=10)

क. इतिहास के आरंभ में विज्ञापन कला का क्या स्वरूप था?
ख. वर्तमान में विज्ञापन कला का क्या स्वरूप है ?
ग. इश्तहार या हैंडबिल के प्रयोग से विक्रेता को क्या लाभ होता है ?
घ. दीवारों पर छपे या लिखे हुए विज्ञापनों से क्या फायदा होता है।

ड. विज्ञापन’ शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए ।

2. प्रश्नों के उत्तर (2×5=10)

क.मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

ख. ईश्वर कण - कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते हैं ?

ग. कथा नायक की रुचि किन कार्यों में थी?

घ बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

ड. हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

3. भाषा अध्ययन:-

क. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (1×5=5)

औरन, भुवंगम, साबण, मुवा, पीव,

ख. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (1×5=5)

नसीहत, रोष, आजादी, राजा , ताज्जुब

भाग - ख

परिभाषा. (2×3=6)

क. पद किसे कहते हैं?

ख. शब्द किसे कहते हैं?

ग. पदबंध किसे कहते है?

2. **निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करो :-.** (1×4=4)

देश भक्ति, राजपुरुष ,भारतीय , प्रयोगशाला